


## एक नजर में

### भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**नेपानगर।** नगर और आसपास रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। नेपानगर के राम मंदिर परिसर में भी आयोजन हुआ। सर्व ब्राह्मण समाज के विप्र बंधुओं द्वारा सुबह भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई। समाज के बटुक का उपनयन संस्कार किया गया। शाम को भगवान परशुराम की शोभा यात्रा बड़ी धूम धाम के साथ निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्तियोंए महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। नगर में जगह जगह पर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा समाप्ती और प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन



**बुरहानपुर।** दशहरा मैदान भोपाल में शिक्षक पात्रता परीक्षा एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना हेतु लाखों शिक्षकों शिक्षिकाओं ने पहुंचकर अपना विरोध प्रदर्शन किया उपरोक जानकारी देते हुए ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम शिक्षक लोगों को बार बार क्यों योग्यता साबित करने के लिए कभी सुप्रीम कोर्ट द्वारा तो कभी विभाग द्वारा हमारे आत्मसम्मान की परीक्षा ली जाती है यह तो अन्याय है मध्य प्रदेश शासन को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए और शिक्षक पात्रता परीक्षा निर्णय वापस लिया जाए एवं प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लागू कीजिए इस अवसर पर संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल बाविस्कर बृजेश राठौर राजेश साल्वे सदानंद कापसे भानुदास भाई दीपक डोले एवम् लाखों कर्मचारियों ने भोपाल में अपनी ताकत दिखाई।

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 : नगर निगम ने किया वेस्ट कचरा बाहर फेंकने पर हॉस्पिटल पर जुर्माना



**बुरहानपुर।** नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव के निर्देश पर सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा के निर्देशन में आज सेक्टर क्रमांक 07 के सेक्टर अधिकारी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025.26 की तैयारियों के मद्देनजर बुरहानपुर नगर निगम सख्त नजर आ रहा है । आज दिनांक 19/04/2026 को सेक्टर क्रमांक 07 के वार्ड क्रमांक 38 संजय नगर में स्थित आयकान हॉस्पिटल द्वारा इनका मेडिकल वेस्ट का कचरा बाहर फेंका गया। जिसमें तुरंत चलानीं कार्यवाही की गई। उक्त संस्था का 1000 रुपए का जुर्माना किया गया साथ ही स्वयं के द्वारा कचरा निपटान किया गया। सुपरवाइजर अनिल सारवन व सेक्टर अधिकारी अशोक गोडियाले उपस्थित थे

### अक्षय तृतीया पर श्री बहुचरा माता सेवा समिति ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की बुझाई प्यास



**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्श्री बहुचरा माता सेवा समिति , राजपुरा द्वारा मानवता की सेवा का अनूठा संकल्प पूरा किया गया। समिति के सदस्यों ने स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में नि:शुल्क शीतल जल सेवा का आयोजन कर सैकड़ों प्यासे यात्रियों को तृप्ति और राहत प्रदान की। समिति के वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि अक्षय तृतीया का अर्थ ही वह है जिसका कभी क्षय न हो। इस पवित्र दिन पर जल दान से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इसी भावना के साथ समिति के सदस्यों ने स्वयं श्रमदान कर यात्रियों को शीतल जल वितरित किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य इस भीषण गर्मी में थके.हारे यात्रियों को स्वास्थ्य लाभ और मानसिक शांति पहुँचाना था। इस सेवा कार्य में समिति के समस्त धर्मप्रेमी सदस्यों ने उपस्थित होकर अपना अमूल्य योगदान और श्रमदान दिया। कार्यक्रम के व्यवस्थापन में समिति के समस्त सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। समिति ने भविष्य में भी इस प्रकार के सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया है।

### बुजुर्गों को फल मिठाई बिस्कुट और खाना वितरण



**बुरहानपुर।** उड़ान लिनेस क्लब बुरहानपुर की ओर से अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर वृद्धा आश्रम में जाकर वहां रह रहे बुजुर्गों को फल मिठाई बिस्कुट आम, केले और खाना वितरण किया गया। दिनांक 19 अप्रैल 2026 रविवार दोपहर 12.00 बजे रेन बसेरा में जाकर उड़ान लिनेस क्लब बुरहानपुर के सदस्यों ने वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्ध जनों को नाश्ता, फ्ल ,आम केले, बिस्कुट और खाना खिलाया गया । सभी वृद्ध जनों ने खाना खाकर हमें खूब दिल से बहुत सारे आशीर्वाद दिए उनके चेहरे की मुस्कान देखकर हमारा दिल खुशी से खिल गया अक्षय तृतीया पर लोग सोना खरीदते हैं चांदी खरीदते हैं ढेर सारी सामग्री खरीदते हैं पर क्लब अध्यक्ष सरोज ठाकुर ने कहा हम सभी ने बुजुर्गों का आशीर्वाद ले अपने आप को बहुत ही खुश नसीब समझा सही मायने में हमने उनके दिलों से मिला आशीर्वाद हम सबके लिए बहुत बड़ा उपहार है वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों के चेहरे की मुस्कान और उनका आशीर्वाद ही हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार और गिफ्ट है । इस अवसर पर क्लब मेंबर अंजू कट्टरवार,उपाध्यक्ष इशरत सिद्दीकी ,कल्पना ठाकुर ,माधवी सोनोने ,सुहानी ठाकुर, बबीता ठाकुर ,सुनीता ठाकुर,निओम ठाकुर ,आशीष ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# नादियामाल ग्राम पंचायत बाकड़ी में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

## ग्रामीणों में गहरा आक्रोश, बोले : जनजीवन संकट में, आंदोलन की दी चेतावनी



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर/नेपानगर।** ग्राम पंचायत बाकड़ी के अंतर्गत आने वाले नादियामाल क्षेत्र में लगभग 200 से 250 परिवार निवासरत हैं, जो आज भी बुनियादी सुविधाओं से पूरी तरह वंचित हैं। रविवार को उन्होंने एक बैठक के बाद आक्रोश जताया।

वर्तमान समय में जहां विकास की योजनाओं के गांव-गांव तक पहुंचने के दावे किए जा रहे हैं तो वहीं नादियामाल के ग्रामीण अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। क्षेत्र में पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों को रोजाना पहाड़ों से पानी लाना पड़ता है, जिसमें महिलाओं और बच्चों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में रास्ते फिसलन भरे हो जाते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और ग्रामीणों को जान जोखिम में डाल पानी की व्यवस्था करनी पड़ती है।

**सड़क सुविधा न होने से मुख्य धारा से कटा गांव :-** ग्रामीणों ने कहा सड़क सुविधा नहीं होने के कारण नादियामाल आज भी मुख्यधारा से कटा हुआ है। वर्षा ऋतु में नदी नाले उफन पर रहते हैं जिससे गांव का संपर्क पूरी तरह बाधित हो जाता है। इस स्थिति में किसी भी प्रकार की आपातकालीन सेवा गांव तक नहीं पहुंच पाती और जनजीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। गर्भवती महिलाओं के लिए स्थिति और भी अधिक चिंताजनक बनी हुई है, क्योंकि सड़क के अभाव में एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती और समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती।

**अंधेरे में जीवन यापन:-** क्षेत्र में बिजली की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है जिससे ग्रामीण अंधेरे में जीवन यापन करने को विवश है। इसका सीधा प्रभाव बच्चों की पढ़ाई सुरक्षा और दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। साथ ही नादियामाल में न तो आंगनवाड़ी केंद्र उपलब्ध है और न ही प्राथमिक या माध्यमिक विद्यालय जिससे बच्चों की शिक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य संकट में है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक उन्हें शासन की किसी भी योजना का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है। कई बार प्रशासन को अवगत कराने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं किया गया जिससे क्षेत्र में असंतोष और आक्रोश का माहौल लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने स्पष्ट किया है कि यदि शीघ्र ही इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**ये उठीं मांगें...**

ग्रामीणों ने प्रशासन व संबंधित विभागों से मांग की है कि तत्काल नादियामाल क्षेत्र का सर्वेक्षण कर पेयजल सड़क बिजली शिक्षाए स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि ग्रामीणों को सम्मानजनक जीवन मिल सके और क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित हो सके।

## ट्रायम्फल आर्च एकेडमी के विद्यार्थियों ने सीबीएससी बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शहर की सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्था ट्रायम्फल आर्च एकेडमी का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। शाला में संयोग पाटिल ने 95.2 प्रतिशत ,कृतिका वर्मा ने 90.2प्रतिशत , समृद्धि जाधव ने 89 प्रतिशत, कुंदनिका इंगले ने 86.8 प्रतिशत, मानव पाटीदार ने 86.6 प्रतिशत,चांदनी महाजन ने 86.4 प्रतिशत, समर्थ विभूते ने 85.8 प्रतिशत, समर्थ महाजन ने 85.4 प्रतिशत, संस्कार महाजन ने 85.4प्रतिशत, शौर्य पाटिल ने 84.6प्रतिशत, ऋषित पाटिल ने 83.6 प्रतिशत , वेदांशु मोदी ने 81.6प्रतिशत ,रुद्रांश बाविसकर ने 81.6प्रतिशत एवं पार्थ लांडे ने 80.8प्रतिशत , अंक अर्जित कर शाला में टॉप 10 में अपना स्थान सुनिश्चित किया। संस्था के चेयरमैन श्री कमलेश पटेल ने इस उपलब्धि का श्रेय शाला के शिक्षकों को दिया एवं एलेन और ट्रायम्फल की जोड़ी के संयुक्त प्रयासों का परिणाम बताया। संस्था सचिव श्रीमती नम्रता पटेल ने बताया कि एलेन और ट्रायम्फल की जोड़ी हर वर्ष नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। आने वाले वर्षों में भी ये जोड़ी शहर के समस्त विद्यार्थियों को लाभांवित करती रहेगी। इस वर्ष से एलेन आयआयटी जी एवं नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कक्षा 11 वी एवं 12 वी में भी अपनी सेवाएं दे रहा हैं। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य डॉ मनुभाई पटेल ने टॉप 10 में अपना स्थान सुनिश्चित करने वाले छात्रों का सम्मान किया।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह : नगर निगम ने स्कूल-हॉस्पिटलों में की मॉक ड्रिल



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर पालिक निगम द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित अस्पताल में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग के रोकथाम के लिए दिनांक 16 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह दंजपवदंस थ्पतमें तअपबम मेमा नेशनल फायर सर्विस वीक के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह के अंतर्गत सुरक्षित विद्याल, सुरक्षित अस्पताल में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज आग की रोकथाम के लिए एक साथ थीम पर के अंतर्गत लालबाग में स्थित नेहरू मोंटेसरी हायर सेकेंडरी स्कूल में भी बुरहानपुर स्कूली बच्चों को फायर से संबंधित ट्रेनिंग दी गई

शहर में संचालित सभी क्लीनिक हॉस्पिटल में भी आग की रोकथाम के लिए से संबंधित जानकारी देकर मॉक ड्रिल करवाई गई और आग से बचाव के उपाय बताए गए नगर आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि सुरक्षित विद्यालय सुरक्षित अस्पताल जागरूक समाज आपकी रोकथाम के लिए अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है बच्चों और मरीजों की सुरक्षा बढ़ाना आम जनता को आग से बचाव के प्रति जागरूक करना हर नागरिक की जिम्मेदारी बनाना राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है निगम द्वारा फायर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा आज कृष्ण लाइफ केयर हॉस्पिटल, गरकल हॉस्पिटल, प्रेशियस हॉस्पिटल, बालाजी हॉस्पिटल,गुड हॉस्पिटलएहकिमी हॉस्पिटल बोरले हॉस्पिटल आदि अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा को लेकर आम जनता को सतर्क रहने के और बचाव के सुझाव दिए गए राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत अस्पतालों में जागरूकता और मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है।

इस दौरान अग्निशमन विभाग द्वारा नर्सिंग होम और अस्पतालों के स्टाफ को आग से निपटनेए, अग्निशामक यंत्रों का उपयोग करने और सुरक्षित निकासी के तरीके सिखाए जा रहे हैं। फायर इंजीनियर फईम खान ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इन मार्क ड्रिल का मुख्य उद्देश्य अस्पतालों को सुरक्षित अस्पताल के रूप में तैयार करना।



प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि आग लगने पर प्राथमिक उपचार फायर एक्सटिंग्विशर अग्नि शमन यंत्र का सही उपयोग और मरीजों को सुरक्षित बाहर यह अभियान विभिन्न स्थानों पर आम जनता और कर्मचारियों को आग से बचाव के लिए सतर्क करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अवसर पर फायर इंजीनियर फईम खान,श्याम श्रीवास्तव संतोष सोनोने फायर विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## आयुष विभाग ने लगाया नि :शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन योजनांतर्गत आयुष विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पलासुर के माध्यम से ग्राम भातखेड़ा में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमे डॉ.शांतिलाल भीलावेकर एवं डॉण् वर्षा रोकड़े द्वारा लगभग 65 रोगियों की जांच कर आयुर्वेद पद्धति से उपचार किया गया तथा आवश्यक आयुर्वेदिक औषधियों का नि:शुल्क वितरण किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ.कविता गढ़वाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में विभिन्न रोगो जैसे वात रोग, संधिवात,आमवात,पक्षाघात, चर्म रोग, रक्ताल्पता,श्वास, कास, प्रतिश्याय, शिर:शूल, उदर रोग, मूत्र रोग, अश्मरी, ज्वर, स्त्रीरोग, श्वेत प्रदर एवं कष्टार्तव रोगों का उपचार किया गया।

**गर्मी से बचाव एवं पोषण संबंधी दी गई जानकारी:-** शिविर के दौरान नागरिकों को ग्रीष्मकालीन बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताए गए। बताया गया कि गर्मी में शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए पर्याप्त पानी पीना आवश्यक है तथा नींबू पानी,छाछ एवं नारियल पानी का सेवन लाभकारी होता है । दोपहर के समय अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने, हल्के कपड़े पहनने एवं संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई।

साथ ही पोषण पखवाड़ा अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र भातखेड़ा में महिलाओं को माता.शिशु संवाद, बच्चों के समुचित विकास, कहानियों एवं कविताओं के माध्यम से शिक्षण तथा मातृभाषा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

### ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा सीएमई का आयोजन



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 19अप्रैल को एनएसीएल रेस्टोरेंट में सीएमई का आयोजन किया गया। सीएमई में 51 से अधिक डॉक्टरों ने भाग लिया। ब्डम् में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.प्रवीण बोर्डे ,मस्तिष्क एवं रीढ़ कि हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं डॉ. रौनीक बंसोड़ ,अस्थि रोग विशेषज्ञ के द्वारा व्याख्यान दिया गया। सभी डॉक्टर्स के बीच व्याख्यान पर चर्चा की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में सीएमई का सफल आयोजन किया गया।

**शाहपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन:-** ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 18 अप्रेल शनिवार को वार्ड नं 11 तानाजी वार्ड शाहपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 82 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ शशांक कराले,जनरल मेडिसिन रोग विशेषज्ञ एवम् डॉ इल्का सिद्दीकी ;महिला रोग विभाग एवं डॉ अकरम खान, जनरल मेडिसिन विभाग द्वारा संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का नि: शुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर,ब्लड शुगर की जाँच की गई। ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के संचालक श्री कबीर चौकसे जी के दिशा निर्देशन में एवं पार्षद दीपाली मुकेश महाजन और मुकेश महाजन जी के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।



## पर्यटन सखियों ने किया स्मारकों का दौरा



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** विश्व विरासत दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत पर्यटन सखियों ने बुरहानपुर के दो ऐतिहासिक स्मारकों शाही किला एवं काला ताज का भ्रमण किया।

स्मारकों पर उपस्थित पर्यटकों को पर्यटन सखियों ने स्वयं का परिचय देते हुए बताया कि वे श्पर्यटन सखीश् हैं। उन्होंने पर्यटकों को विस्तार से जानकारी दी कि यह परियोजना महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन सुनिश्चित करने हेतु शुरू की गई है। पर्यटन सखियाँ स्मारकों पर पर्यटकों की सहायता करती हैंए स्थानीय इतिहासए संस्कृति एवं सुविधाओं की जानकारी देती हैं तथा किसी भी प्रकार की असुविधा या सुरक्षा संबंधी समस्या होने पर तुरंत समाधान सुनिश्चित करती हैं। क्लस्टर कॉर्डिनेटर अंकिता शर्मा द्वारा बताया गया कि ष्पर्यटन सखियों ने उपस्थित पर्यटकों से फीडबैक भी लिया। पर्यटकों से पूछा गया कि वे बुरहानपुर के इन स्मारकों पर आकर कितना सुरक्षित महसूस करते हैं तथा यहां किन.किन सुविधाओं या कार्यों की अभी भी आवश्यकता है। पर्यटकों ने अपने अनुभव साझा किए और सुझाव दिए।

पर्यटन सखियों ने सभी फीडबैक एवं जानकारियाँ एकत्र कींए जिनका उपयोग भविष्य में पर्यटन सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए किया जाएगा। यह गतिविधि परियोजना के उद्देश्य महिलाओं द्वारा संचालित सुरक्षितए जागरूक एवं सशक्त पर्यटन को बढ़ावा देने तथा विश्व विरासत स्थलों पर पर्यटकों की सुरक्षा एवं संतुष्टि सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**एक नजर** — एसडीएम के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई, पहले भी सात पर केस, तीन को सजा

# अवैध कॉलोनी काटकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दो कॉलोनाइजरों के खिलाफ एफआईआर

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिले में अवैध कॉलोनियां काटकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले कॉलोनाइजरों पर अब प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। एसडीएम के निर्देश पर निंबोला थाना पुलिस ने दो कॉलोनाइजरों के खिलाफ ग्राम स्वराज अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की है।

निम्बोला थाना प्रभारी राहुल कांबले के अनुसार तहसीलदार प्रवीण ओहरिया की शिकायत पर पांच पुल क्षेत्र में रहने वाले अब्दुल मलिक और मुजम्मिल अहमद के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। आरोप है कि दोनों ने बिना वैध अनुमति अवैध कॉलोनी विकसित कर लोगों को प्लॉट बेच दिए, जबकि मौके पर सड़क, बिजली,पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराईं। साथ ही कॉलोनी का ले.आउट भी टीएनसीपी से स्वीकृत नहीं कराया गया था। फिलहाल गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस ने जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कही है।





**पहले भी हुई कार्रवाई, 7 कॉलोनाइजरों पर केस:-** अवैध कॉलोनियों के खिलाफयह पहली कार्रवाई नहीं है। फरवरी माह में भी प्रशासन ने दो कॉलोनियों के 7 कॉलोनाइजरों के खिलाफलालबाग थाने में एफ्आईआर दर्ज की थी। इनमें संदेश महेश्वरी सहित शफीउल्ला, एहसान उल्ला, सरफराज, इरफान, शेख जावेद और नुसरत खान को आरोपी बनाया गया था। जांच में सामने आया था कि बिना अनुमति कृषि और डायवर्सन भूमि पर प्लॉट काटकर बेचे गए, जिससे खरीदारों को भारी परेशानी उठानी पड़ी।

**60 कॉलोनाइजर प्रशासन के रडार पर:-** सूत्रों के मुताबिक एसडीएम कोर्ट में 19 अवैध कॉलोनियों के करीब 60 कॉलोनाइजरों के खिलाफ प्रकरण चल रहे हैं। अब तक 4 कॉलोनियों के 12 कॉलोनाइजरों पर केस दर्ज हो चुका है। इन कॉलोनाइजरों ने प्लॉट खरीददारों से सड़क, पानी, बिजली जैसी सुविधाओं का वादा किया थाए लेकिन जमीनी हकीकत में कुछ भी नहीं मिला। नतीजा/लोग आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए भटक रहे हैं।

**पहली बार 3 कॉलोनाइजरों को जेल:-** अवैध कालोनी बसाने के मामले में पहली बार जिले के तीन कालोनाइजरों मोहम्मद हारून, मोहम्मद सादिक और मोहम्मद जाहिर को न्यायालय इसी माह दो.दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। आरोपितों ने लोधीपुरा में ताज नगर के नाम से एक कालोनी काटी थी। इसमें अब्दुल मलिक सहित अन्य लोगों ने भी प्लाट बुक किया था। उसने वर्ष 2013 से 2016 तक मासिक किश्तों के रूप में कालोनाइजरों के पास 1.25 लाख रुपये जमा कराए थे। जब प्लाट की रजिस्ट्री की बारी आई तो उसे पता चला कि न तो कालोनी का ले.आउट स्वीकृत है और न ही डायवर्शन है। कालोनाइजरों ने उसके रुपये भी वापस नहीं दिए था।

### मैं अभिमन्यु के तहत विशेष जागरूकता अभियान

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में महिलाओं एवं बालिकाओं के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से सृजन, सम्मान एवं मैं अभिमन्यु विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 19/04/2026 को थाना गणपति नाका पुलिस से उप निरीक्षक श्री किशोरसिंह मोहनिया एवं स्टाफ द्वारा लोहार मंडी क्षेत्र में मैं अभिमन्यु अभियान के तहत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के हित में एक परिवर्तनकारी पहल है। जिसका उद्देश्य हमारे समाज में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना है द्य महिलाओं के खिलाफअपराध अक्सर नशे की लत दहेज प्रथा और पुरानी रूढ़िवादिता जैसी खतरनाक प्रथाओं में निहित होते हैं द्यजो सामूहिक रूप से हिंसा और उत्पीड़न को बढ़ावा देते हैं मैं अभिमन्यु के माध्यम से इन गहरी जड़ों वाली बुराइयों के बीच में एक ऐसे समाज को बढ़ावा देना है, जहां महिलाओं के साथ सम्मान और समानता का व्यवहार किया जाता है। अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को किया जागरूक किया गया। बुरहानपुर पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर चलाया जाएगा, जिससे महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण प्रदान किया जा सके।